प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

पन्तनगर। 26 मई, 2024। विश्वविद्यालय की पन्तनगर स्वास्थ्य संजीवनी संस्था द्वारा कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की उपस्थिति में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आज प्रातः कृषि महाविद्यालय में किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों हृदय रोग विशेषज्ञ डा. देवाशिष गुप्ता, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. पूनम बिष्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अशीष वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. दिवाकर सिंह एवं एमडी मेडिसिन डा. दीपक कुमार द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों एवं परिसरवासियों को निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा इस शिविर के आयोजन की सराहना की गयी। उन्होंने इस प्रकार के प्रयासों को किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रमोद मल्ल, प्राध्यापक, कीट विज्ञान द्वारा किया गया।

इस शिविर से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिसरवासियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर लाभान्वित हुए।

रक्तदान शिविर में रक्तदान करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार